# भरहुत नगर में इलेक्ट्रॉनिक सामान की गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

सतना। कोलगवां थाना अंतर्गत भरहुत नगर बैंक कॉलोनी स्थित सचदेवा इलेक्ट्रानिक के गोदाम में अचानक आग लग जाने से लाखों की विद्युत सामग्री जल कर खाक हो गयी। यह गोदाम घनी आबादी क्षेत्र के बीच स्थित है। बताया गया है कि इस गोदाम में अग्निशमन की कोई भी व्यवस्था फर्म के संचालक द्वारा नहीं की गयी है। गोदाम में आग लगने का कारण फिलहाल अस्पष्ट है, किन्तु सूत्र बताते हैं कि शार्ट सर्किट से आग लगी।



## 40 टैंकर पानी डालने के बाद भी सुलग रही थी आग



करीबन 40 दमकल गाडियों की आग बुझाने के लिये पानी डाला जा चुका था, इसके बावजूद प्लास्टिक, बेयूलाइट एवं कैमिकल के उपयोग से बने प्लास्टिक कोटेड वायर एवं अन्य उपकरणों में लगी आग अंदर ही अंदर साढ़े 3 बजे के बाद तक धधकती देखी गयी।

## आग की लपटें व धुआं देखकर दहशत में आये लोग



घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सचदेवा इलेक्ट्रिकल्स के संचालक हैप्पी सचदेव के गोदाम से उठती ऊंची-ऊंची आग की लपटें एवं डेढ़-दो किलोमीटर दूर तक फैले धुंये के गुबार को देखकर समूचे भरहुतनगर विशेष तौर पर बैंक कॉलोनी क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। कॉलोनी वासी इस भीषण अग्नि काण्ड की जानकारी लेने घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। कॉलोनी वासियों का कहना था कि आबादी क्षेत्र में इस तरह की गोदामों से आमजन के ऊपर हमेशा खतरा मंडराया करता है। इसके पूर्व भी इलेक्ट्रिकल्स सामानों के एक बड़े गोदाम में आग लगने की घटना घटित हो चुकी है। जिसमें फर्म संचालक का काफी नुकसान हुआ था। उस घटना से सबक लेकर भी इस इलेक्ट्रिकल्स सामानों के डीलर ने अपनी गोदाम में सुरक्षा के उपयुक्त इंतजामात नहीं किये। उक्त घटना की सूचना मिलने पर कोलगवां टीआई सुदीप सोनी पुलिस बल सहित आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा तत्काल फायरबिग्रेड टीम को सूचना देकर बुलवाया गया। नगर निगम के फायर अधीक्षक आरपी सिंह परमार सूचना मिलते ही दमकल के साथ मौके पर पहुंचे।श्री परमार के मार्गदर्शन में हाईड्रोलिक सिस्टम वाली सीढिय़ों से चढ़कर फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने लगातार करीबन ढाई-तीन घंटे तक पानी की बौछार करके आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बताया गया है कि फिलहाल ऊपर से तो आग पर काबू पा लिया गया है, किन्तु अंदर अभी भी आग सुलग रही थी। इस वजह से फायर बिग्रेड की टीम पानी फेंकने के साथ आग बुझाने के लिये जी-जान के साथ जूझ रही है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रट कार्यालय में राष्ट्रगीत का गान

**मैहर।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की उपस्थिति में प्रत्येक माह की 01 तारीख को होने वाले वंदे मातरम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत का गान किया।

### मैहर जिले के बच्चों का दिल्ली में सम्मान



**मैहर।** स्वयं सेवक 30 जुलाई को कन्या दान फाउंडेसन के द्वारा मैहर के होनहार हमेशा दूसरो के हित में सोचने वाले परोपकार की भवना से अपना जीवन दूसरो के लिए हर समय अपने आप को लगाने वाले मैहर पीएम कालेज एक्सीलेस के छात्रों का सम्मान हुआ। अंकित चौबे (मतवारा),नीरज पटेल,रुचि शुक्ला (ककरा) इन्होने समाज के हित के लिए पौधा रोपण,रक्त दान,सडक सुरछा,पर्यावरण संरक्षण अभियान, समर कैम्प,जन जागरूकता अभियान,और भी कई कार्य करके अपना इन लोगो का हित चाहा है इनके इस कार्यो को देखते हुए इन्हें कन्या दान फाउंडेसन के ओर से सम्मानित किया जा चुका है। और भी कई पुरुष्कार से इन्हे सम्मानित किया जा चुका है।

### जिले में अब तक 94.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 1 जुलाई तक 94.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 197.6 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 95.2 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 60.9 मि.मी, बिरसिंहपुर में 85 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 40 मि.मी., नागौद में 126.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 39 मि.मी. एवं उचेहरा में 115 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 81.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

### नवीन कानून की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा : न्यायाधीश



**सतना।** नवीन भारतीय कानून के एक जुलाई से प्रभावी होने पर जिला मुख्यालय सतना में कार्यरत एजीपी ने शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक रमेश मिश्रा (जीपी)के साथ जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव से सौजन्य भेंट कर उनका अभिनंदन करते हुए सदैव मार्गदर्शन करतें रहने का आग्रह किया है। अजय श्रीवास्तव ने संवाद करते हुए कहा नवीन कानून सम सामयिक है तथा किया गया परिवर्तन एवं परिवर्धन कानून की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा उन्होंने सभी से नवीन कानूनों पर सतत चर्चा करते रहने की सलाह भी दी है इस अवसर एजीपी राघवेंद्र सिंह,रावेंद्र सिंह,गिरजेश पांडे,सुनील निगम,राजेश मिश्रा,अखिलेश अवधिया,कमलेश दुवेदी साथ रहे।

## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में क्रिकेट के रोमांच ने दिखाई टीम भावना की जीत

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में मनोज कुमार की टीम तेजस ने मनीष प्रसाद की टीम शौर्य को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। यह टूर्नामेंट न सिर्फ खेल के प्रति उत्साह का प्रतीक बना, बल्कि टीम भावना और कौशल विकास का भी एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। कुल 25 मैचों की इस श्रृंखला में 7 टीमों ने हिस्सा लिया,जिसमें हर मैच में खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों को कई रोमांचक क्षण देखने को मिले, जिसमें चौके-छक्कों की बरसात और गेंदबाजों की चतुराई शामिल रही। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा,जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपने जज्बे और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। अंततः, मनोज कुमार की टीम तेजस ने शानदार खेल दिखाते हुए ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के प्रबंधन ने इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों,आयोजकों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने उपरोक्त जानकारी दी।



## पेपर लीक मामले में चिकित्सा मंत्री से कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा



**मैहर।** प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले एवं पेपर लीक मामलों के विरोध में जिला कांग्रेस ने प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश सरकार के चिकित्सा मंत्री के इस्तीफे की मांग का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। आज सुबह एसडीएम कार्यालय पहुंच कर जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी करते हुये नर्सिंग घोटाले एवं पेपर लीक मामले में सरकार के मंत्री से नैतिकता के आधार पर स्तीफा की मांग की है।मध्य प्रदेश के राजपाल के नाम से संबोधित ज्ञापन पत्र पर वर्णित लेख को यथार्थ रूप में पढ़कर सुनाया गया एवं एसडीम से इस संबंध में यथा स्थिति विरोध प्रदर्शन की समस्त जानकारी महामहिम के समक्ष रखने का अनूरोध किया गया। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार राज्य में परीक्षा और नौकरी माफियाओं तथा रसूखदारों की मिलीभगत से बेरोजगार युवाओं के साथ हो रही धोखाधड़ी को रोकने में असफल साबित हुई है। भाजपा के राज में लगातार हो रहे शिक्षा घोटालों से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। इतना ही नहीं सरकार खुद ही ऐसे मामलों को दबाने और दोशियों को बचाने में लगी हुई है। नर्सिंग घोटाले एवं पेपर लीक मामलों के खिलाफ तथा युवाओं को न्याय दिलाने कांग्रेस पूरे दम से विरोध करेगी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विशेष रुप से उपस्थित रहें।

## नए कानूनों से शीघ्र ही न्याय की प्राप्ति होगी: कलेक्टर

**मैहर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवीन कानून व्यवस्था 1 जुलाई से लागू किए जाने को लेकर जागरूकता अभियान के अंतर्गत मैहर थाना परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर नवीन कानून व्यवस्था को लेकर नागाकिों को जागरूक किया गया। नए आपराधिक कानून के लिए मैहर पुलिस पूरी तरह तैयार रहकर आमजन को भी जागरूक कर रही है जिसके लिए 1 जुलाई 2024 को मैहर थाना परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैहर कलेक्टर रानी बाटेड ने कहा कि इस अवसर पर हम सभी ने जाना है कि कुछ पुराने कानूनों की जगह 3 कानून लागे किए गए है जिससे लोगों को न्याय पाने में काफी सुविधा होगी साथ ही स्पष्ट न्याय की मिलेगा। अभी न्याय मिलने में कुछ कारणवश देर होती थी किंतु अब हमें शीघ्र न्याय मिलेगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक कानून 2023 लागू हो रहे है,जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु मैहर पुलिस के सभी अधिकारी कर्मचारी भी पूरी तरह से प्रशिक्षित होकर कार्यवाही करें तथा आमजन भी इस संबंध में जागरूक रहे। इसी तारतम्य में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यशालाएं व आम जनता में भी इसका प्रचार प्रसार हेतु कार्यवाही के दिशा-निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए आपराधिक कानून- की प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है साथ ही आम नागरिकों के बीच जाकर भी नए कानून के विभिन्न प्रावधान व सुविधाओं के बारें में प्रचार प्रसार किया जा रहा छात्र,छात्राओं को नवीन आपराधिक कानूनों के विभिन्न प्रावधानों के बारें में विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है। मैहर के थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र के लोगो को नए कानून के प्रति जागरुक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए नए कानून बनाये गए है। इसमें महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में पीड़ितों की समस्याओं को केंद्र में रखकर,अपराधियों के लिए और कड़ी सजा आदि पर ध्यान दिया गया है।कहीं पर भी घटना होने पर परिस्थिति वश कही पर भी एफ आईआर की सुविधा तथा ई एफआईआर का भी प्रावधान है। इस अवसर पर जिला अपर न्यायधीश नीरज शर्मा,न्याय दण्डाधिकारी भानु पड़वार,आयुषी उपाध्याय,निशा रघुवंशी जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधिक्षक सुधीर अग्रवाल,एसडीएम विकास सिहं और जिला लोक अभियोजन अधिकारी गणेश पांडे,थाना प्रभारी मैहर अनिमेष दिवेदी, पुलिस स्टाफ,वकील,पत्रकारगण सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## लायंस क्लब ने मनाया डॉक्टर्स डे



सतना। अंतरराष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा डॉक्टर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक लायन योगेश शर्मा ने बताया कि लायंस अध्यक्ष लायन धर्मेंद्र सेन द्वारा क्लब संरक्षक लायन पवन मलिक,पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन संतोष सक्सेना,निवर्तमान अध्यक्ष लायन जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल' की विशेष उपस्थिति में सतना के प्रथम यूरोलॉजिस्ट डॉ पुष्पेंद्र सिंह (पीजीआई चंडीगढ़),डॉ सविता पटेल (न्यूरोसाईकेट्री),डॉ नारायण त्रिपाठी (एमडीएस),डॉ प्रवीण निगम (आयुर्वेदाचार्य),डॉ सुरभि श्रीवास्तव (बीडीएस) का माला,शाल,श्रीफल,से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन अध्यक्ष लायन धर्मेंद्र सेन ने किया। लायन जय त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से धर्मेंद्र सेन,पवन मलिक,जसविंदर सिंह भाटिया, संतोष सक्सेना,योगेश शर्मा, शैलेंद्र त्रिपाठी,मोहित सचदेव,प्रतिभा मिश्रा,शिवकरण, प्रिया रजक,रूपा,विकास,जितेंद्र,आदि उपस्थित रहे।

## कलेकटर-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण के लिये रवाना किया नवीन न्याय रथ

सतना। देश में तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गये हैं। तीनों नये कानून के लागू होने पर 164 साल पुराने कानून बदल जायेंगे, उनकी जगह नये कानून अस्तित्व में आ जायेंगे। नये बदलाव के चलते आईपीसी की धारा 302, 420, 376, 307 जैसी धारायें समाप्त हो जायेंगी। इनकी जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारायें लगेंगी। हत्या के लिये धारा 302 के बजाय 103, जान से मारने का प्रयास की धारा 307 आईपीसी के बजाय 109, गैर इरादतन हत्या (304 ए) के बजाय धारा 106, दहेज हत्या 304 (बी) के स्थान पर धारा 80, अपहरण की धारा 363 आईपीसी के स्थान पर धारा 137 (2), चोरी की धारा 379 के स्थान पर धारा 303, दुष्कर्म की धारा 376 के स्थान पर धारा 64, धोखाधड़ी की धारा 420 आईपीसी के स्थान पर धारा 118, गालीगलौज पर धारा 294 के स्थान पर 296, जान से मारने की धमकी पर धारा 506 आईपीसी के स्थान पर बीएनएस 351 लागू की गयी है। आईपीसी की धारा 511 बीएनएस में 356 धारा हो गयी है। इन कानूनों की जानकारी आमजन को देने के लिये शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी तारतम्य में एसपी आफिस के सामने से कलेक्टर अनुराग वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने नवीन न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले के भ्रमण के लिये रवाना किया।



**निकली जनजागरुकता रैली**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से नये कानूनों के प्रति आमजन में जागरुकता लाने के लिये जागरुकता रैली भी निकाली गयी,जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः उसी स्थान पर जाकर समाप्त हुई।

## बॉर्डर चेकपोस्ट खत्म कर परिवहन व्यवसाईयों को प्रदेश सरकार ने दी गई बड़ी सौगात : शर्मा

**सतना।** संस्था अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा विगत कई महीनों से बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद करने की मांग प्रदेश सरकार से की जा रही थी। साथ ही परिवहन व्यवसाय की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया जाता रहा है। एसोसिएशन ने सतना जिले के सभी जन प्रतिनिधि सांसद जी-सभी 7 विधायकों के माध्यम से पूर्व कार्यकाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को दिए गए आश्वासन पर निर्णय लेने हेतु अपनी मांग प्रदेश सरकार के मुखिया तक पहुंचाई थी। एवं मांग की थी गुजरात मॉडल की व्यवस्था मध्यप्रदेश में भी लागू की जाए। प्रदेश के मुखिया मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं राजेंद्र शुक्ला उपमुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा परिवहन व्यवसाईयों के हित में लिए गए एतहासिक निर्णय को संस्था परिवार तहे दिल से कोटि कोटि आभार व्यक्त करती है साथ ही अपेक्षा रखती है कि इसी तरह परिवहन हित में आपका सहयोग सदैव मिलता रहेगा। आभार व्यक्त करने में अभिषेक जैन,सुनील जायसवाल,सुरेंद्र गुप्ता,राजेश केसरवानी,विशाल जायसवाल, अमित भावनानी,प्रवीण मित्तल,पीयूष शर्मा,जितेंद्र त्रिपाठी,नीलांबर झा,ब्रजकिशोर अग्रवाल,विनोद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## 'डी' ग्रेड में रहे विभाग, तो विभाग प्रमुख का कटेगा एक हफ्ते का वेतन

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने समय-सीमा प्रकरणों की सोमवार को संपन्न बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित सुधार नहीं आने पर सभी एसडीएम और तहसीलदारों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।उन्होंने राजस्व विभाग के लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में कोई सुधार नहीं होने पर एसडीएम मझगवां और रामपुर बघेलान तथा इनके सभी तहसीलदारों की दो-दो दिन की वेतन काटने के निर्देश भी दिये। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,एसडीएम नीरज खरे, आरएन खरे,जितेंद्र वर्मा,राहुल सिलाढ़िया,सुधीर बैक,एपी द्विवेदी, सभी जनपद सीईओ,नगरीय निकायों के सीएमओ सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने कहा कि पिछली टीएल बैठक में चेतावनी और निर्देशित करने के बाद भी सीएम हेल्पलाइन की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। जिले में कुल 15995 शिकायतें अभी भी लंबित हैं। राजस्व विभाग की शिकायतों के निराकरण में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। रामपुर बघेलान में सबसे ज्यादा राजस्व की लगभग 1100 शिकायतें अरुचि और अनदेखी के कारण लंबित हैं। इसी प्रकार मझगवां अनुविभाग में 900 से अधिक शिकायतें लंबित हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदारों को एक बार पुनः नोटिस जारी करें और इसका उल्लेख सीआर में भी किया जायेगा। सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करने पर स्वास्थ्य विभाग,जल संसाधन,ग्रामीण विकास,श्रम,सामाजिक न्याय,महिला बाल विकास,कृषि,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,ऊर्जा,सामान्य प्रशासन,सहकारिता,नागरिक आपूर्ति निगम,आदिम जाति कल्याण,पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों में अपेक्षित निराकरण नहीं पाया गया।कलेक्टर ने इन विभागों के अधिकारियों से अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जुलाई माह की 20 तारीख को होने वाली मासिक ग्रेडिंग में कोई भी विभाग 'डी' ग्रेड में नहीं रहना चाहिये।अन्यथा विभाग प्रमुख अधिकारी का एक हफ्ते का वेतन काटा जायेगा। कलेक्टर ने नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में भुगतान संबंधी शिकायतें लंबित नहीं रहनी चाहिये। पेमेंट की सभी शिकायतें शीघ्रतापूर्वक क्लियर करें। बैठक में जल संसाधन विभाग से किसी अधिकारी के उपस्थित नहीं रहने पर कार्यपालन यंत्री को निलंबित करने का नोटिस जारी कर उसकी प्रति मुख्य अभियंता को भी भेजने के निर्देश दिये गये।

## खबर संक्षेप

### शारीरिक एवं मानसिक दिव्यांग को पहुंचाया अनाथाश्रम



**पन्ना।** पन्ना कोतवाली अंतर्गत कुंजवन में काफी समय से रह रहे अनिल देवनाथ उम्र लगभग 45 वर्ष कुछ समय से बीमार चल रहा था, शारीरिक दिव्यांगता की वजह से वह चल भी नहीं पता था और मानसिक दिव्यांगता के कारण वह कोई व्यवसाय भी नहीं कर पा रहा था, जो भी स्थानीय लोग उसे देते वह उसी में गुजारा कर रहा था, जिस वन विभाग की पुरानी चौकी में वह रहता था वह भी काफी जर्जर हो चुकी थी, अनिल देवनाथ की हालत देखकर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि के द्वारा संत क्लारेट अनाथाश्रम के फादर जॉर्ज जोस से संपर्क कर इसे अनाथाश्रम में रखने का आग्रह किया गया, फादर जोश ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और पन्ना कोतवाली से जरूरी कागजी खानापूर्ति उपरांत पन्ना कोतवाली पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से उक्त व्यक्ति को रेस्क्यू किया, पहले तो टीम ने समझाइ देते हुए इलाज, खान-पान और रहन-सहन की व्यवस्था की बात कह कर अपने साथ ले जाना चाहा लेकिन वह व्यक्ति यहां से जाने को तैयार नहीं था, जिससे स्थानीय लोगों के सहयोग से जब अनाथाश्रम की एंबुलेंस में बैठाया गया तो अनिल देवनाथ काफी मचले, लेकिन किसी तरह उन्हें ले जाया गया, अनाथाश्रम पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद अनिल देवनाथ के स्वास्थ्य और व्यवहार में काफी बदलाव बताया जा रहा है, जिससे कुंजवन की पार्षद सहित सभी लोगों ने प्रसन्नता जताई है।

### शिक्षकों के शासकीय विभागीय कार्य समय पर निराकृत करना लक्ष्य



**पन्ना।** शिक्षा विभाग जिले का सबसे बड़ा विभाग माना जाता है जहां जिसके मुखिया के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी के लिये एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। वहीं जमीनी रूप से हर गांव कस्बे व नगर सभी जगह शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कार्यप्रणाली से जहां शिक्षा विभाग की जमीनी स्तर को जाना जाता है। शिक्षा प्रदान करने को लेकर समय पर स्कूलों का खुलना शिक्षकों के द्वारा स्वयं से दृढसंकल्पित होकर समय पर विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने को लेकर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश खरे अपना लक्ष्य मान रहे है वहीं दूसरी तरफ अपने विभाग के मुखिया के नाते अपने शिक्षकों व समस्त अमले के शासकीय समस्याओं यानिकी विभागीय समस्या को समय पर निदान किया जाये। यह भी नैतिक जिम्मेदारी मान रहे है। गौरतलब बात यह है कि रवि प्रकाश खरे शिक्षा विभाग में अपनी एक अलग पहचान को लेकर जाने जाते है। डाईट प्राचार्य रहते हुये जहां आपको जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व कलेक्टर पन्ना के द्वारा जो तत्कालीन डीईओ सूर्य भूषण मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद आपको कमान सोंपी गई है। वहीं जुलाई माह 1 तारीख का दिन जो प्राचीन समय से विद्यालयों के लिये अहम होता है एक जुलाई से को ही प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश खरे से सीधी बात करते हुये आपके लक्ष्य को लेकर जाना गया जहां आपने साफ शब्दों में कहा कि शासकीय विद्यालय समय पर खुलें शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचें व शिक्षा प्रदान करें साथ ही उनके विभागीय कार्य जो भी हें उनका भी समय पर निदान करना ही हमारा लक्ष्य प्रमुखता से अंजाम देने को लेकर अपनी सोच के साथ कार्य करने का इरादा बयां किया। वहीं निश्चित तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व एक बड़े विभाग के मुखिया के नाते एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में कार्य करने में हालात को समझते हुये वहीं समन्वय के साथ भूमिका का निर्वाहन करते हुये आगे बेहतर छवि के साथ जाना जाये। देखना यह है कि इस कुर्सी में जहां कई तरह से जो लोग अब तक आसीन हुये उन पर कहीं दाब तो कहीं आरोप प्रत्यारोप का दौर सुर्खियां बटोरता रहा कुछ लोग ही बेहतर कार्य प्रणाली को लेकर जाने गये। वहीं आपको यह जिम्मेदारी जो प्रदान की गई है ।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

**कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ विभागवार लंबित प्रकरण और इनके निराकरण के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान समयावधि में विभागीय और हितग्राहीमूलक प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।**

पन्ना।




बैठक में लंबित टीएल और जनसुनवाई पत्रों सहित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के प्रभावी निराकरण के लिए शिकायतकर्ता से बात कर विभागवार रैंकिंग व श्रेणी में सुधार करने तथा अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन कर शिकायतों के निराकरण के संबंध में निर्देशित करने के लिए कहा। साथ ही आगामी 10 दिवस में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारण्टी अधिनियम की नागरिक सेवाओं को समय-सीमा बाह्य होने के पूर्व ही अनिवार्य रूप से निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया कि प्रत्येक सोमवार को टीएल बैठक पूर्व निर्धारित समय सुबह 11 बजे से होगी। इसमें निर्धारित एजेण्डा सहित अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। किन्हीं कारणोंवश सोमवार को अवकाश होने की स्थिति में टीएल बैठक के दिवस और समय के बारें में पूर्व सूचित किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र निराकरण के संबंध में निर्देशित किया। साथ ही विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान पीएचई के ईई एवं जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक को वर्षाकाल में सड़कों के आवश्यक रीस्टोरेशन वर्क के लिए निर्देशित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को परंपरागत शिल्पी व हथकरघा मार्केट के लिए आवश्यक समन्वय के लिए निर्देशित किया गया। पीओ डूडा को मोहन्द्रा एवं महेबा ग्राम पंचायत के नगर परिषद के रूप में उन्नयन अथवा मापदण्ड पूरा नहीं करने पर वांछित कार्यवाही, विभिन्न स्थानों पर खेल स्टेडियम के लिए जमीन आवंटन, न्यायालयीन अवमानना याचिकाओं में जवाबदावा प्रस्तुत करने सहित गेहूं एवं मसूर व सरसों उपार्जन तथा किसानों को भुगतान की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अनुपयोगी बोरवेल को ढंकने तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के प्रकरणों में अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत मुआवजा वितरण कार्य नियमित रूप से सुनिश्चित कराने तथा रूंझ व मझगांय बांध के शेष मुआवजा वितरण और सतना-पन्ना रेलवे लाइन के मुआवजा वितरण के बारे में जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व महाअभियान में गरीब व आदिवासियों के फौती नामांतरण के संबंध में राजस्व अधिकारियों से की गई कार्यवाही तथा अद्यतन स्थिति के बारे में पूछा।

### शत प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण के संबंध में निर्देश

कलेक्टर ने विगत दो शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के सभी पात्र विद्यार्थियों को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण नहीं होने पर नाराजगी जताई और जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत रहे शेष पात्र छात्र-छात्राओं की स्कॉलरशिप वितरण के लिए अभिभावकों व बैंक स्तर पर आवश्यक समन्वय कर कमी दूर कराने और सभी दस्तावेजों में एकरूपता की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। नवीन स्वीकृत चार सीएम राइज स्कूल के भवन के लिए जमीन आवंटन, महेन्द्र भवन से शासकीय कार्यालयों द्वारा रिक्तता की कार्यवाही, वन व्यवस्थापन, भूमि से समग्र आईडी लिंकिंग की कार्यवाही, वर्षाकाल में नालों से अतिक्रमण हटाने व साफ-सफाई, जर्जर भवनों के नगरीय निकायवार चिन्हांकन, जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियां निरंतर जारी रखने सहित वृक्षारोपण अभियान व पौधों की सुरक्षा के संबंध में वांछित जानकारी से जिला पंचायत कार्यालय को अवगत कराने तथा सड़क व पुल-पुलिया मरम्मत और बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य सहित कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के संबंध में चर्चा हुई। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन को निर्देश दिए कि वर्षाकाल में बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत आवश्यक उपायों और शिविर चिन्हांकन के संबंध में संबंधित सरपंच-सचिव से आवश्यक चर्चा कर पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। साथ ही जलाशयों में जल भराव स्तर खतरे के निशान से ऊपर होने, बांध लीकेज और अन्य संभावित स्थिति के बारे में नियमित रूप से अवगत कराएं।

### बोवनी की तैयारियों की समीक्षा

जिला कलेक्टर द्वारा उप संचालक कृषि से खरीफ सीजन में बोवनी की तैयारी और खाद, बीज उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम की तैयारियों व उपायों तथा ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव सहित सीएमओ से संस्थाओं के फायर ऑडिट तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सहित बृजपुर-छतैनी-पन्ना मार्ग व पवई क्षेत्र में हनुमान भाटा पहुंच मार्ग में वन विभाग की जमीन अवरोध संबंधी समस्या के निराकरण तथा अंकुर उपवन योजना के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले की समग्र विकास योजना के दृष्टिगत विभागवार कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा छात्रावासों के भूमि आवंटन सहित अन्य अंर्तविभागीय समन्वय के मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी और मंडी सचिव के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताई और आगामी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

### निराश्रित गौवंश को अभियान चलाकर शिफ्ट करें

जिला कलेक्टर द्वारा उप संचालक पशुपालन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शहर की सड़कों में विचरण करने वाले निराश्रित व आवारा गौवंश को गौशालाओं में शिफ्ट करने के लिए निर्देशित किया गया। गौशाला की क्षमता पूर्ण होने पर निकट की गौशालाओं में शिफ्टिंग के निर्देश दिए। उन्होंने गौवंश के शिफ्टिंग के संबंध में रजिस्टर संधारित करने तथा टैगिंग के निर्देश भी दिए। इस संबंध में ग्राम पंचायत स्तर पर भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने और कार्यवाही के पूर्व मुनादी कराने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने नवीन कानून के संबंध में जागरूकता शिविर लगाकर दी गई जानकारी



**अमान गज।** दिनांक 01.07.2024 को भारत सरकार द्वारा लागू किये गये नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को भारत सरकार के निर्देशानुसार 01.07.2024 से लागू किया गया जिसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना साँई कृष्ण एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति आरती सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के निर्देशन में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा साँई मण्डपम अमानगंज में नवीन कानून के संबंध मे जागरूकता शिविर लगाया जिसमें तहसीलदार अमानगंज, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, बीएमओ अमित मिश्रा ,थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, आम नागरिक, व्यापारीगण, इलैक्ट्रानिक / बेव मीडिया / प्रिंट मीडिया, महिलायें, विद्यालयीन छात्र । छात्रायें, शिक्षकगण उपस्थित रहे। जिन्हे नवीन कानून के अन्तर्गत दिये गये मुख्य बिन्दू सभी के साथ साझा किये गये। जागरूता शिविर के अन्तर्गत आवश्यक जानकारी पैम्पलेट के माध्यम से भी दी गई।

### 164 साल बाद देश में बदले कानून

**पन्ना।** सिमरिया थाना प्रभारी संदीप दीक्षित ने देश में बदले कानून बदली धाराएं तहसीलदार मेडिकल ऑफिसर सरपंच सचिव की मौजूदगी में जानकारी थाना सिमरिया में थाना प्रभारी ने बताया पुलिस कभी भी अब पुलिस कहीं भी छापा मारने जाएगी तो वीडियो रिकॉर्डिंग जरूरी हो गई है पहले लोग परेशान होते थे अब ऑनलाइन पित होगी सिमरिया के गणमान्य नागरिक रहे मौजूद।



# जिला कांग्रेस कमेटी ने नर्सिंग कॉलेज घोटाला, पेपर लीक घोटाला सहित स्थानीय मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करते हुए सौंपा ज्ञापन

पन्ना।




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश मे जिला कांग्रेस कमेटियों ने नर्सिंग कालेज घोटाला पेपर लीक सहित स्थानीय मुद्दो को लेकर ज्ञापन सौपा है। इसी कड़ी मे पन्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा ने के नेत्रत्व में स्थानीय कलेक्टर कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओ की उपस्थिती में महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर प्रतिनिधी तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है। उक्त ज्ञापन में प्रदेश मे नर्सिंग कॉलेज की मान्यता संबंधी बड़ा घोटाला एवं पेपर लीक घोटाले लगातार हो रहें है। नर्सिंग कालेजो की मान्यता एवं संबंधित छात्र छात्राओ के भविष्य के साथ खिलवाड किया गया है। जिसमें चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग तथा तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा के अपर सचिव मोहम्मद सुलेमान तथा आयुक्त निशांत बडवरे की भूमिका भी संदिग्ध है। कालेजो की जांच भी कराई गई थी। लेकिन उक्त जांच मे भी व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार के मामले सामने आये है। समस्त प्रकरण की जांच कराई जाये तथा दोषीयो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। इसके साथ ही स्थानीय मुद्दो का भी उल्लेख ज्ञापन मे किया गया है। जिसमें पन्ना जिले मे सहकारी समतियों में किसानो को खाद्य बीज नही मिल रहा है तथा काला बाजारी की जा रही है। अघोषित बिजली कटोती चल रही है, अनावश्यक रूप से बिजली विभाग द्वारा गरीब एवं किसानो के खिलाफ चोरी के प्रकरण बनाये जा रहें है। जिस पर भी कार्यवाही की जाये। ग्रामीण अंचलो मे पानी की समस्याओ पाईप लाईन बिछाई जा रही है जिसके चलते पन्ना नगर सहित ग्रामिण क्षेत्रा मे सीसी रोडे, खोदी जा रही है। जिससे वर्षात के समय भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। पहाडी खेड़ा रोड जनकपुर मे अल्प वर्षा के चलते लोगो के घरो मे पानी भर गया तथा ग्रहस्थी का समान नष्ट हो गया इसकी भी जांच कर कार्यवाही की जाये। जिले के विभिन्न विभागो मे पहले भ्रष्टाचार तथा भ्रष्टाचार मे लिप्त दोषी अधिकारीयो कर्मचारीयो के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाये। ज्ञापन देने वालो मे मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह, पूर्व नपा उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह परमार, पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी, वरिष्ट कांग्रेस नेता राजेश तिवारी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष सेवालाल पटेल, सेवादल अध्यक्ष राम बहादुर द्विवेदी, प्रेम प्रकाश पान्डेय, राकेश गर्ग, मनीष मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूर, अजयगढ दादूराम पान्डेय, गुनौर बबलू गौतम, पन्ना अक्षय तिवारी, मार्तण्डदेव बुन्देला, मुरारी लाल थापक, पिछडा वर्ग अध्यक्ष राजबहादुर पटेल, अनुसूचित जाति अध्यक्ष जीतेन्द्र जाटव, अनीष खान, पूर्व नपा अध्यक्ष हक्कून दहायत, शशिकांत दीक्षित, अनीष खान, पार्षद वैभव थापक, रेहान मोहम्मद, भूपेन्द्र सिंह परमार, नरेन्द्र विश्वकर्मा, भूपेन्द्र बुन्देला, कमल राजपूत, नत्थु पटेल, प्रहलाद यादव, दानचन्द्र जैन, सूरज प्रसाद, अबरार मोहम्मद, सेख मोहम्मद, सरदार सिंह यादव, रजनीश मिश्रा, लखन केवट, व्हीएन जोशी, संतोष तिवारी, संतोष मिश्रा, राम बहादुर पान्डेय, लखन केवट, जानकी पुरोहित, शनिराजा परमार, बृजेन्द्र बुन्देला, केशरी अहिरवार, राम गोपाल, रामभरोसी, किसन अग्रवाल, जीतेन्द्र यादव, हिम्मत बागरी, रामेश्वर प्रसाद, राम मिलन चौधरी, भोलेखान, जगदेव सिंह, चनद्रिका प्रसाद, रहीम खान, राजभान सिंह, श्रवण तिवारी, सौरभ पान्डेय, ऋषि राज सिंह, शशिकांत दीक्षित, राधिका प्रसाद, सौरभ पटैरिया सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# महिला के साथ लूट करने वाले गिरफ्तार

**आरोपी रिक्शा चालक व सहयोगी द्वारा महिला को घर छोड़ने के बहाने सूनसान जगह पर दिया गया था घटना को अंजाम**



पन्ना।

धरमपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत महिला से लूट करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी अनिल कुशवाहा पिता मुन्नी लाल कुशवाहा निवासी मनीपुर थाना धरमपुर म.प्र. एवं अनिल सोनकर पिता भुल्ली सोनकर निवासी तरहटी मोहल्ला कालींजर उ०प्र० को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल पन्ना भेजा गया है। मामले की फरियादिया श्रीमती वंदना लोध पति बाबू सिंह लोध निवासी लहियापुरवा द्वारा थाना धरमपुर में रिपोर्ट की गई कि मैं दिनांक 29/6/24 को शाम के समय अजयगढ से वापिस अपने घर लहियापुरवा जा रही थी। कालींजर से घर जाने के लिये मैं एक ई-रिक्शा में बैठ गई। उक्त ई-रिक्शा में पहले से ही मेरी सामने वाली सीट पर एक लड़का बैठा था। रिक्शा जैसे ही बघेलाबारी रोड़ पर पुलिया के पास पहुँचा तो रिक्शा चालक ने सूनसान एवं अंधेरे में रिक्शा रोक कर मुझसे कहा कि रिक्शा की बैटरी खत्म हो गई है। रिक्शा चालक की बात मानकर में रिक्शा से नीचे उतरकर अपने पति को फोन लगाने लगी तभी रिक्शा में बैठा लड़का रिक्शा से उतरकर आया और मेरा मोबाइल छीनने लगा। मेरे द्वारा विरोध किये जाने पर उसने मेरे साथ मारपीट करते हुये मुझे धक्का दे कर जमीन में पटक दिया मैं चिल्लाने लगी तो उसने मेरा मुँह दबाकर जान से मारने की धमकी देता हुये मेरा मोबाइल और बैग छीन कर रिक्शा में बैठकर रिक्शा चालक के साथ कालींजर तरफ भाग गया। मेरे बैग में नगद 14000 रुपये एवं जरूरी कागजात थे। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना धरमपुर में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 168/24 धारा 394, 506, 34 भादवि का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा घटना में शामिल आरोपियों को त्वरित गिरफ्तार किये जाने के निर्देश दिये गये थे। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना धरमपुर पुलिस टीम द्वारा घटना के 6 घण्टे के अन्दर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर मामले में लूटा गया मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा जप्त किया गया है।

**जप्त सामग्री-** पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में लूटा गया मोबाइल रियलमी सी 31 कीमती करीब 10 हजार रूपये, 14 हजार रूपये नगद बरामद किया गया एवं घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा कीमती करीब 1 लाख 50 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 1 लाख 74 हजार रूपये का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि रवि सिंह जादौन, पुलिस सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी नरदहा सउनि कमल सिंह चन्देल, प्र.आर. अशोक प्रजापति, अशोक अहिरवार, अरूण सिंह, आर. जीतेन्द्र मिश्रा, अजय पटेल, कमलेश प्रजापति, रामनिवास गुर्जर, अजय आर्वे, अमित यादव, वरूण सिंह, रोहित शिवहरे, प्रभुदयाल, महिला आर. आकांक्षा, सबिता एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा है।



# खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा पहुंचे अमानगंज

अमान गज।

मंडल पुनः सांसद बनने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी नगर परिषद अध्यक्ष अमानगंज श्रीमती सरिका शारदा खटीक और समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गर्म जोशी के साथ किया स्वागत*दिनांक 30/06/2024 को अमानगंज नगर में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के दूसरी बार सांसद बनने के बाद प्रथम नगर अमानगंज आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा का ढोल नगाड़ों एवम्‌ आतिशबाजी पुष्प वर्षा कर नगर परिषद अमानगंज में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा का सभी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत उनके साथ पन्ना भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, खजुराहो लोकसभा संयोजक सतानंद गौतम, भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष पन्ना प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी उपस्थित रहे स्वागत के बाद भाजपा नेता पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश राजू चौबे के जन्मदिवस के शुभ अवसर सभी भाजपा नेताओं ने केक काटकर बधाई शुभकामनाएं दी।

**खबर संक्षेप**

## नर्सिंग घोटाले को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**छतरपुर**। मध्यप्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया और कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर नर्सिंग घोटाले की जांच कराने तथा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके साथ ही कांग्रेसियों ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफा भी मांगा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल ने बताया कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर आज प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली गई, तदुपरांत कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने नर्सिंग घोटाले की निष्पक्ष जांच कराने और स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की है।

## सोमवार को भक्तों का लगा तांता, महाराजश्री ने की सबके सुखी रहने की कामना



**छतरपुर**। सोमवार को बागेश्वर धाम में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मंदिर के आसपास ही नहीं बल्कि दूर-दूर तक सिर्फ लोग ही लोग दिखाई दे रहे थे। चूंकि बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 16 जून से बद्रीनाथ धाम की कथा के लिए बागेश्वर धाम से बाहर थे इसके बाद वे अज्ञातवास पुस्तक लेखन के लिए चले गए। 14 दिनों के अंतराल के बाद उनके धाम वापस आने पर लोग उनकी एक झलक पाने को व्याकुल हो गए। महाराजश्री ने जनसैलाब को देखते हुए उनकी भावनाएं समझीं और सबको दर्शन दिए। उन्होंने कहा कि पहले करीब 3 से 4 हजार लोगों के बैठने के लिए हॉल बनवाया था लेकिन सनातन प्रेमियों के आगे वह छोटा पड़ गया। परिस्थितियों को देखते हुए 10 हजार लोगों के बैठने हेतु टीनशेड की व्यवस्था की। मगर टीनशेड में बैठने की क्षमता से कई गुना लोग बाहर घूम रहे हैं। उन्होंने सामूहिक अर्जी लगाते हुए सबके मंगल की कामना की।

## डॉक्टर्स डे पर महर्षि विद्या मंदिर द्वारा डॉक्टर्स को सम्मानित कर किया वृक्षारोपण



**छतरपुर**। प्रधानमंत्री के आवाहन एक पेड़ मां के नाम पर महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर 21 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों डॉ एमपीएन खरे, डॉ एस के दीक्षित, डॉ एस के गुप्ता, डॉ आर पी गुप्ता, डॉ जीएल अहिरवार सिविल सर्जन जिला अस्पताल, डॉ सुनील शर्मा, डॉ अरविंद सिंह, डॉ मनोज चौधरी, डॉ कपिल खुराना, डॉ सुदीप जैन, डॉ अशोक नोगरिया, डॉ बी डी खुराना, डॉ ऋषि द्विवेदी एवं समाजसेवी शंकर लाल सोनी जी द्वारा इन पौधों को रोपा गया। विद्यालय की ओर से पंकज जैन द्वारा बताया गया कि डॉक्टरों का समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए वच्चो को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विद्यालय में एक डॉक्टर्स बगिया को विकसित किया जाएगा जोकि विद्यार्थियों के माध्यम से ही तैयार की जाएगी। डॉक्टर्स डे के अवसर पर विद्यालय द्वारा छतरपुर के सम्माननीय डॉक्टरों का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डॉ इस के दीक्षित ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्वल एवं स्वास्थ्य भविष्य के लिए वधाई भी दी।

# लागू हुआ नवीन आपराधिक अधिनियम, पुलिस अधिकारियों ने दी जानकारी



**छतरपुर**। सोमवार 1 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक कानून लागू हो गया है। लागू की गई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का उद्देश्य जांच और न्याय प्रणाली को पारदर्शी, सहज और सुलभ बनाना है। नए कानून में मामूली अपराध करने वालों को सामुदायिक सेवा करने का दण्ड दिए जाने का प्रावधान है।

जिला मुख्यालय पर पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, न्यायालय, अधिवक्ता संघ, अभियोजन अधिकारी, जनप्रतिनिधियों एवं इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया की उपस्थिति में नए कानून के संबंध में जानकारी देने, जनजागरूक हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्य प्रणाली व भूमिका को बताया गया। न्यायालय, अभियोजन अधिकारी व अधिवक्ता संघ द्वारा नए कानून के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। नए कानून संबंधी जानकारी हेतु आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार, एडीपीओ केके गौतम, अधिवक्ता संघ, जनप्रतिनिधि, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट व सोशल मीडिया उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा नए कानून से संबंधित शार्ट फिल्म, प्रेजेंटेशन, इमेज प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। नए कानून संबंधी चित्र व तुलनात्मक धाराओं के पंपलेट वितरित किए गए। नए कानून में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य और दस्तावेजी साक्ष्य को सामान रूप से महत्व दिया जाएगा। इलेक्ट्रानिक यंत्र के माध्यम से कथन लेख किये जायेंगे, समन की तामीली होगी। साक्षी के कथन लेख किये जाएंगे, अगर वह कहीं बाहर है तो उसके कथन आडियो-वीडियो के माध्यम से लिये जा सकते हैं। इसी प्रकार बलात्कार के प्रकरण की पीड़ित महिला के कथन भी लिये जा सकते हैं।

### यह हैं नए कानून के प्रावधान -

भारतीय न्याय संहिता में 33 धाराओं में सजा एवं 83 धाराओं में जुर्माना बढ़ाया गया है, 12 नये अपराध जोड़े गये हैं। 10 साल से अधिक दण्ड वाले अपराधी को फरार होने पर उदघोषित करने का प्रावधान है, मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक यंत्र से लिये गये साक्ष्य मान्य होंगे एवं घटना स्थल की वीडियोग्राफी होगी। संज्ञेय अपराध के घटित होने पर कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करा सकता है। किसी बालक को भाड़े पर अपराध करने के लिये लेगा वह 10 वर्ष तक के कारावास एवं जुर्माना से दण्डित होगा। भीड़-भाड़ द्वारा अपराध किये जाने पर नया अपराध मॉब लिंचिंग के नाम से जाना जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में बालिका के साथ बलात्कार करने पर आरोपी को मृत्युदण्ड की सजा का प्रावधान किया गया है। झपटमारी (चैन स्नेचिंग) को नये कानून में अपराध के रूप में चिन्हित किया गया। ऐसा उदघोषित आरोपी फरार हो जाता है या विदेश चला जाता है, तो भी प्रकरण का विचारण न्यायालय में लगातार होगा, जिससे फरियादी को शीघ्र न्याय प्राप्त होगा। वर्तमान में सामुदायिक सेवा को भी दण्ड के रूप में जोड़ा गया है। न्याय के लिये सरकार अडिग है, ब्रिटिश कानून में आतंकवाद के खिलाफ कोई प्रावधान नही था, नये कानून में सजा का प्रावधान किया गया जिसमें मृत्युदण्ड तक सजा का प्रावधान किया गया है।

राजद्रोह की जगह अब देशद्रोह को नये कानून में आपराधिक रूप में बताया गया। देशद्रोह का अपराध भारत की सम्पूर्ण एकता अखण्डता को खतरे में डालने वाले कार्यों पर केंद्रित है। सशक्त जांच के लिए गंभीर आपराधिक मामलों में सबूत जुटाने के लिए क्राइम सीन पर फारेंसिक विशेषज्ञों का जाना अनिवार्य। सबूत एकत्र करने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य होगी।

### अपराध के शिकार लोगों को सभी अस्पतालों में मिलेगा इलाज -

अपराध के शिकार महिला और बच्चों को सभी अस्पतालों में फस्ट एड या इलाज निःशुल्क मिलने की गारंटी होगी। गवाहों की सुरक्षा व सहयोग के लिए सभी राज्य सरकारें विटनेस प्रोटेक्शन प्रोग्राम लागू करेंगी। नए कानून में मामूली अपराधों के लिए दंडस्वरूप सामुदायिक सेवा की विधा शुरू, समाज के लिए सकारात्मक योगदान देकर दोषी अपनी गलतियों को सुधारने का काम करेगा। सुनवाई में देरी से बचने और न्याय की त्वरित बहाली के लिए कोई अदालत किसी मामले को अधिकतम दो बार ही स्थगित कर सकेगी। सभी कानूनी कार्यवाही इलेक्ट्रानिक माध्यमों से हो सकेगी। पीड़ित महिला की अदालती सुनवाई महिला मजिस्ट्रेट ही करेंगी। अन्यथा संवेदनशील मामले में किसी महिला की उपस्थिति में पुरुष मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज होगा। 15 साल से कम आयु, 60 साल से अधिक और दिव्यांगो व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन में पेश होने से छूट होगी। उन्हें पुलिस की मदद अपने निवास स्थान पर ही मिलेगी।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर बच्चों ने किया अस्पताल का भ्रमण



**छतरपुर**। सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के मौके पर शिक्षण संस्थान सुमति एकेडमी के छात्र-छात्राओं को नर्मदा अपना अस्पताल का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने अस्पताल के चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं दीं, वहीं अस्पताल प्रबंधन की ओर से बच्चों को उपहार स्वरूप टॉफी दी गईं। अस्पताल के डायरेक्टर प्रेम रूसिया ने बताया कि 1 जुलाई को पूरे देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जा रहा है, जिसके माध्यम से धरती का भगवान कहे जाने वाले चिकित्सकों का सम्मान किया जाता है। श्री रूसिया ने बताया कि आज सुमति एकेडमी के लगभग तीन सैकड़ा छात्र-छात्राएं स्कूल के स्टाफ के साथ अस्पताल आए हैं, जहां उनके द्वारा सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी गईं। इसके साथ ही बच्चों ने चिकित्सकों द्वारा किस तरह से मरीजों को उपचार किया जाता है, इसके बारे में भी समझा। वहीं अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी बच्चों को उपहार स्परूप टॉफियां दी गईं।

**15 विषयों के 533 अभ्यर्थियों ने दी थी शोध प्रवेश परीक्षा**

# यूनिवर्सिटी ने परीक्षा के दिन ही घोषित कर दिया पीएचडी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट

**छतरपुर**। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी,छतरपुर में 30 जून 2024 रविवार को 15 विषयों में शोध करने के लिए हुई शोध प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट परिणाम समिति ने उसी दिन घोषित कर यूनिवर्सिटी की प्रतिष्ठा में फिर बढ़ोत्तरी की है। कुलगुरू प्रो शुभा तिवारी द्वारा परीक्षा परिणामों के अनुमोदन के बाद सायं कोई सात बजे शोध प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट घोषित कर दिए गए थे।मीडिया प्रभारी डा एसपी जैन के मुताबिक सत्र 2024-25 की शोध प्रवेश परीक्षा 30 जून 2024 को यूनिवर्सिटी कैंपस में पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुई थी। इस शोध प्रवेश परीक्षा में 533 अभ्यर्थियों ने ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा दी थी, जबकि 91अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रवेश परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षा परिणाम समिति ओएमआर शीट से ली गई परीक्षा का परिणाम कंप्यूटर की मदद से तैयार करने में जुट गई। परिणाम समिति के सदस्य प्रो बीपीएस गौर, डा आरके पांडे, डा केके गंगेले ने अथक प्रयासों से 30 जून 24 रविवार को ही मात्र सात घंटों में परीक्षा परिणाम जारी कर वेबसाइट पर अपलोड भी कर दिया था। गौरतलब है कि पी-एच.डी. करने हेतु 15 विषयों बॉटनी, केमिट्री, कॉमर्स, अर्थशास्त्र, भूगोल, भूगर्भशास्त्र, हिंदी, इतिहास, गृहविज्ञान,गणित, भौतिकशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, प्राणिशास्त्र एवं अंग्रेजी के कुल 533 अभ्यर्थियों ने शोध प्रवेश परीक्षा दी थी। इसके पूर्व 23 जून 24 को हुई नए कोर्स बी.एस-सी. कृषि के लिए हुई 490 छात्रों की प्रवेश परीक्षा का परिणाम भी रिजल्ट समिति ने उसी दिन घोषित कर कुलगुरू प्रो शुभा तिवारी सहित सभी की सराहना पाई थी। कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार समस्त विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाईट के माध्यम से देख सकते हैं। इस परीक्षा के निर्बाध और पारदर्शी संचालन हेतु परीक्षा नियंत्रक डा ममता बाजपेई ने प्राध्यापकों की एक परीक्षा समिति बनाई थी। इस समिति का परीक्षा अधीक्षक डा अर्चना चौहान को, सहायक अधीक्षक डा अशोक निगम एवं डा पीएल प्रजापति को बनाया गया था। परीक्षा कार्य में सहयोग हेतु समिति के साथ कर्मचारियों को भी संलग्न किया गया था।

# ट्रैक्टर ने बाईक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**छतरपुर**। चंदला थाना क्षेत्र के नाहरपुर तिगैला पर सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई। घायल अवस्था में महिला को एंबुलेंस से चंदला अस्पताल ले जाया गया था लेकिन यहां चिकित्सक न होने के कारण उसे लवकुशनगर ले जाना पड़ा। लवकुशनगर बीएमओ ने जांच के बाद महिला की मृत घोषित कर दिया।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमा की रहने वाली केशकुमारी कुशवाहा अपने पति मूलचंद उर्फ मुकेश के साथ चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर गई थी। यहां से वापिस घर आते समय नाहरपुर तिगैला के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की चपेट में आने से केशकुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जबकि उसका पति बाल-बाल बच गया था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर केशकुमारी उसे चंदला अस्पताल पहुंचाया लेकिन यहां चिकित्सक न होने के कारण उसे लवकुशनगर ले जाना पड़ा। बताया गया है कि एंबुलेंस चालक लवकुशनगर जाने के लिए तैयार नहीं था, जिसको लेकर पुलिस और एंबुलेंस चालक के बीच झपड़ भी हुई। बाद में केशकुमारी को लवकुशनगर अस्पताल ले जाया गया जहां बीएमओ डॉ एसपी शाक्यवार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर चालक तुरंत मौके से फरार हो गया था, जिसकी तलाश की जा रही है।

# शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय में शुरु हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

### 3 जुलाई तक चलेगी प्रक्रिया, छात्राओं को अतिथियों से मिला मार्गदर्शन



**छतरपुर**। शहर के शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय छतरपुर में 1 जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत दीक्षारंभ, प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के साथ हो गई है, जो कि 3 जून तक चलेगी। सुबह 9 बजे से शुरु हुए कार्यक्रम के दौरान सत्र 2024-25 के नव प्रवे?शित छात्राओं के रजिस्ट्रेशन किए गए। वहीं 10 बजे महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ सीएम शुक्ला के मुख्य अतिथ्य और जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कमलकांत बॉबी असाटी तथा संस्था प्राचार्य डॉ. पीके दीक्षित की उपस्थिति में आधिकारिक रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, प्राचार्य डॉ. पीके दीक्षित ने स्वागत भाषण दिया और जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलकांत बॉबी असाटी ने छात्राओं की शिक्षा के लिए महाविद्यालय एवं जनभागीदारी समिति द्वारा दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करने की बात कही। श्री असाटी ने कहा कि छात्राओं के हित में हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने शिक्षा के मूल उद्देश्य को बताते हुए मातृ शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। दीक्षारंभ उत्सव में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को उनके द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। मुख्य अतिथि डॉ. सीएम शुक्ल ने शारीरिक स्वास्थ्य, मोबाइल से दूरी, मन की एकाग्रता, शुद्ध बुद्धि, भारतीय ज्ञान परम्परा, संस्कारों, उपनिषद, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, चंदेल शासकों, पंचतंत्र, कौटिल्य, छात्राओं के कौशल विकास, आत्म निभरता, शिक्षा के महत्व, संगत का प्रभाव, अच्छे और बुरे कार्य, माता-पिता आदि विषयों पर उद्बोधन दिया और गलत कार्यों से दूर रहकर कैरियर पर ध्यान देने के लिए छात्राओं को प्रोत्सहित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के परिचय एवं महाविद्यालय के मुख्य परिचय के प्रदर्शन को लेकर एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। तत्पश्चात सभी ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डॉ शिवेंद्र सिंह, डॉ किशोरी सोनी, डॉ नीरज निरंजन, डॉ सौरभ एवं डॉ शशिकांत अवस्थी द्वारा वक्तव्य दिए गए, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, वोकेशनल पेपर, क्रेडिट सिस्टम, परीक्षा सिस्टम, फल प्रोजेक्ट इत्यादि विषय शामिल रहे। इस मौके पर डॉ शुभा मिश्रा, डॉ कनुप्रिया चौबे, डॉ पूर्णिमा रावत, डॉ राकेश अहिरवार, डॉ देवकरण मालवीय, वीरेंद्र सोनी, डॉ राजश्री सिसोदिया, श्याम शरण आदि उपस्थित रहे।

**घायल की मदद करें और बने नेक व्यक्ति**

### गुड सेमिरिटन योजना का किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**छतरपुर**। उच्च न्यायालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में व्यापक रोकथाम के लिए एवं सड़क दुर्घटना में घायलों की जिंदगी बचाने के लिए गुड सेमिरिटन योजना योजना का प्रचार प्रसार अधिक से अधिक किए जाने का आदेश दिया गया है।

इस तारतम्य में पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में यातायात पुलिस प्रभारी ब्रहस्पति साकेत द्वारा इस योजना एक नेक व्यक्ति के प्रचार प्रसार हेतु यह पोस्टर जारी किया गया है ताकि आम जनमानस को इस योजना के बारे में पता चल सके, और सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद कर नेक व्यक्ति बनने का अवसर प्राप्त हो सके। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को गोल्डन अवर में अस्पताल/ट्रामा सेंटर तात्पर्यता के साथ पहुंचाकर उसकी जान बचाना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु का आंकड़ा भारत देश में कम किया जा सके, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाकर उसकी जिंदगी बचा लेता है तो, उसे शासन की इस योजना के तहत नेक व्यक्ति घोषित कर 5000 रुपए की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसकी जानकारी सभी जनमानस को दी जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु दर को कम किया जा सके।

# एनटीपीसी विंध्याचल में सीआईएसएफ को मिली फ्री बस सेवा

**एनटीपीसी**। विंध्याचल में सीआईएसएफ इकाई हेतु मानव संसाधन प्रबंधन द्वारा दिनांक 01.07.2027 से फ्री बस सेवा प्रदान की गई। फ्री बस सेवा का उदघाटन 01 जुलाई 2024 को प्रबंधन द्वारा 52 सीटर बस सीआईएसएफ इकाई को समर्पित की गई।यह बस सेवा मे मुख्य रूप से सीआईएसएफ़ जवान के ड्यूटी आवागमन तथा सीआईएसएफ़ के विद्यालयीन बच्चों के लिए स्कूल तक लाना व वापस लाना



शामिल है। उद्घाटन समारोह में बस के आवागमन की समय सारणी एवं रूट से अधिकारियों को अवगत कराया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री ई. सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ओ&एम) श्री समीर शर्मा, एवं सीआईएसएफ़ कमांडेंट श्री पंकज बलियान, मानव संसाधन प्रमुख श्री राकेश अरोड़ा,अपर महाप्रबंधक (सी&एम) श्री आनंद बाजपेयी,अपर महाप्रबंधक (पी&एस) श्री मनोज रजक, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री कुन्दन किशोर,वरिष्ठ प्रबन्धक (सी&एम) श्री अजय पाल और सीआईएसएफ़ जवान सहित अन्य कंपनी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

**एनटीपीसी**। विंध्याचल परियोजना मैं दिनांक 30.06.2024को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 10कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं : - श्रीब्रह्मदेव झा, अपरमहाप्रबंधक (ईएमजी), श्रीजनककुमार, उप प्रबंधक (टीएमडी), श्रीअविनाशजोशी, अभियंता (सी&आई अनुरक्षण), श्री विलियम केरकेट्टा,अभियंता (ईंधन प्रबंधन), श्री माधव प्रसाद पाठक, अभियंता (प्रचालन), श्री किशोरी लाल बारंगे, अभियंता (ईएमडी) , श्री रवीन्द्र यादव, अभियंता (ईएमडी), श्री फबियानुस केरकेट्टा, अभियंता (प्रचालन),श्री इनोसेंट एक्का, अभियंता (एमजीआर) , श्री उदित प्रसाद कुशवाहा,प्रचालक (स्टोर्स) एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान समारोह परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया।स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्रीई. सत्य फणि कुमारनें सभी सेवानिवृत्त होने वाले



कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकरअतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया।इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई. सत्य फणि कुमार नेंसभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को मुख्य परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणोंनें श्रीफल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया । साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते समय उनके परिजनों को आमंत्रित कर इस भावुक क्षण को उनके लिए यादगार बनाने का प्रयास किया गया । इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मैं उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा । उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के

## खबर संक्षेप

### पत्थर खदान के लिए जन सुनवाई 23 जुलाई को

**रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के ग्राम बीरादेई में 1.091 हेक्टेयर जमीन में पत्थर उत्खनन के लिए आवेदन दिया गया है। इसमें कुल 12 खसरा नम्बर शामिल हैं। खदान की मंजूरी के पूर्व इसकी पर्यावरणीय जन सनुवाई के लिए 23 जुलाई 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर मऊगंज के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर अशोक ओहरी ग्राम पंचायत भवन परिसर बीरादेई में 23 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से सुनवाई करेंगे। सुनवाई में क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रीवा तथा खदान के लिए आवेदन करने वाली मेसर्स शिवकृपा एसोसिएट के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### जिले में 19.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 19.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर में 8.4, कोतमा में 12, बिजुरी में 11, जैतहरी में 14.2, वेंकटनगर में 18, पुष्पराजगढ़ में 18.6, अमरकंटक में 22 तथा बेनीबारी में 51.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### समय सीमा की बैठक संपन्न

**उमरिया।** साप्ताहिक बैठक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायते अन अटेण्डेंट नही रहे अन्यथा संबंधित एल-1 अधिकारी तथा जिला प्रमुख अधिकारी के विरूध्द कार्यवाही की जायेगी । आपने कहा कि समय सीमा के पत्रों का संबंधित अधिकारी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं। आगामी सप्ताह में सभी समय सीमा के पत्रों का निराकरण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए । विभागवार अन अटेंण्डेंट शिकायतों की समीक्षा की जाएगी ।

### अमानक उर्वरक का जिले में क्रय-विक्रय, परिवहन पर रोक

**उमरिया।** उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया ने बताया कि एमपी एग्रो उमरिया इंडियन फार्मस फर्टिलाइजर कार्पोरेटिव लिमिटेड पो. पारादीन जगतसिंहपुर ओडिषा का उर्वरक विष्लेषण पश्चात अमानक स्तर का पाया गया हैं। उर्वरक को जिले मे क्रय विक्रय एवं परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

### 7 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा

**कोतमा।** जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ की कहावत को चरितार्थ करते हुए पंचायती मंदिर से 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जावेगी। रथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही है आयोजन समिति के अनुसार इस वर्ष भी जगन्नाथ रथ यात्रा शाम को 4 बजे पंचायती मंदिर से से रथ यात्रा निकाली जावेगी। यह रथ यात्रा नगर में भ्रमण करने के पश्चात पंचायती मंदिर में संपन्न होगी। रथ में भगवान जगन्नाथ के साथ भाई बलराम और बहन सुभद्रा भी विराजमान रहेगी। इस रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ लगी रहती है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से इस रथ यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### आज से होगी सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती की परीक्षा

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 25 मई 2023 से 20 जून 2023 तक आयोजित की गई थी। इसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया जा चुका है। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों के सफल अभ्यर्थियों के शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट द्वितीय चरण की परीक्षा जेल विभाग द्वारा स्वयं लिया जाएगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में 2 जुलाई 2024 से 7 जुलाई 2024 तक प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से आयोजित किया जाएगा।

# कमिश्नर ने खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

## वर्षाजनित रोगों से बचाव की पुख्ता व्यवस्था करें - कमिश्नर



**रीवा।** रीवा संभाग के नवागत कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी विभागीय योजनाओं की पूरे संभाग की जानकारी रखें। क्षेत्र का भ्रमण करके विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराएं। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने का प्रयास करें। खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कमिश्नर ने अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। जिला स्तर के अधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए वरिष्ठ कार्यालयों को अवगत कराएं। सभी अधिकारी निर्धारित मुख्यालय में रहकर कार्य करें। कमिश्नर कार्यालय से अनुमति लेने के बाद ही मुख्यालय से बाहर जाएं। संभागीय समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा कराएं। सभी अधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्कूलों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान अच्छे कार्यों और कमियों के संबंध में पूरी जानकारी दें। सब मिलकर संभाग की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास करेंगे।

कमिश्नर ने कहा कि मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सड़कों तथा भवनों के निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी तरह की कमी न रहे। प्रभारी आपूर्ति अधिकारी आवंटित खाद्यान्न का उचित मूल्य दुकानों में अग्रिम भण्डारण कराएं। पात्र हितग्राहियों को हर माह उचित मूल्य दुकानों से समय पर खाद्यान्न का वितरण कराएं। उचित मूल्य दुकानों का नियमित निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्षाकाल में पेयजल की गुणवत्ता की कड़ी निगरानी रखें। पेयजल का शुद्धीकरण अनिवार्य रूप से कराएं। पूर्ण नलजल योजनाओं तत्काल ग्राम पंचायतों को हैण्ड ओवर करें। जल जीवन मिशन से स्वीकृत समूह नलजल योजनाओं के निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराएं। सेवानिवृत्त शासकीय सेवक को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन प्रकरण निराकृत करते हुए सभी स्वत्वों का भुगतान करें। कृषि आदान की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि डीएपी खाद की अतिरिक्त मात्रा की मांग करें। वर्तमान में उपलब्ध खाद का वितरण सुनिश्चित करें। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके तथा सिंगल सुपर फास्फेट के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। संभाग के सभी जिलों में खाद और बीज की पर्याप्त मात्रा भण्डारित कराएं। कमिश्नर ने कहा कि क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य वर्षाजनित रोगों से बचाव के लिए सभी जिलों में उचित प्रबंध करें। स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में दवाओं का भण्डारण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। किसी भी तरह की महामारी जैसे डायरिया या अन्य महामारी का प्रकोप होने पर त्वरित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय वृद्धावस्था पेंशन तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन का हर माह की दस तारीख तक वितरण सुनिश्चित करें। पात्र दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण प्रदान करने के लिए सभी जिलों में शिविरों का आयोजन करें। बैठक में कमिश्नर ने पेयजल व्यवस्था, मनरेगा के कार्यों, पशुओं के टीकाकरण, बिजली की आपूर्ति, सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति तथा औद्योगिक केन्द्रों के निर्माण की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर ने मछली पालन, उद्यानिकी, आयुष विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, कृषि विभाग, खनिज विभाग, नगरीय प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में अपर कमिश्नर अरूण परमार, उपायुक्त दयाशंकर सिंह, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन पीके सिंह, मुख्य अभियंता लोक निर्माण संजय खेड़ा, संयुक्त संचालक शिक्षा आरपी त्रिपाठी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, कार्यपालन यंत्री सेतु निगम वसीम खान, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बड़े बाबू कौशल वर्मा, मोहन सोंधिया हुए सेवानिवृत्त



**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा की जल प्रदाय शाखा धोबिया टंकी में पदस्थ बड़े बाबू कौशल वर्मा एवं कर्मचारी मोहन सोंधिया दिनाँक 1जुलाई 2024 को सेवानिवृत्त हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम एस.डी.ओ एस.एन.द्विवेदी, एस.डी.ओ, एस.के.सिंह,सब इंजी. रवि तिवारी द्वारा माल्यार्पण, तिलक लगाया गया और शाल, श्रीफ़ल, रामचरितमानस, एवं छड़ी देकर भावभीनी विदाई में सम्मानित किया गया। सभी पीएचई कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हुए कौशल वर्मा जी एवं मोहन सोंधिया जी को पुष्प गुच्छ देकर भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर बड़े बाबू ने कहा कि जल प्रदाय शाखा धोबिया टंकी एक परिवार जैसा था।जिसमें सभी उच्च अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मेरे कार्यकाल में भरपूर सहयोग और प्यार दिया।जिसका मैं सदैव आभारी रहूंगा।विदाई समारोह में मुख्य रूप से बड़े बाबू महेंद्र रावत, संतोष पालीवाल, गणेश गौतम, महेंद्र शुक्ला, मनोज अग्रवाल, अशोक वर्मा, जानकी त्रिपाठी, देवशरण शर्मा, यूसुफ खान, ओंकार वर्मा,दिनेश नायक,रामप्रसाद शर्मा, रामभजन कोल,राधेश्याम सिंह,श्यामलाल सेन,रामसुंदर साकेत,रामकली,धोखिया बाई, रामनिरंजन विश्वकर्मा, शंकरदीन कुशवाहा, सूरज कोल, हरिशंकर सिंह, अशोक सोंधिया, धनेंद्र सोंधिया, अरुण सोंधिया, रामाधार यादव, रामलाल दहिया, सुखराम साकेत, रामप्रकाश दहिया आदि कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त बंधुओ के सुखद जीवन की कामना की।

## टी.आर.एस. कॉलेज में प्रारंभ हुआ त्रि-दिवसीय दीक्षारंभ समारोह





**रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नव प्रवेशित छात्रों के लिए त्रि-दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र ताम्रकार, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति थे तथा अध्यक्षता डॉ. अर्पिता अवस्थी के द्वारा की गयी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित छात्रों को नये वातावरण में सहज महसूस कराने तथा महाविद्यालय की प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, संकाय सदस्यों से परिचय तथा महाविद्यालय के विभागों तथा गतिविधियों से परिचित कराना है। सर्वप्रथम छात्रों का पंजीयन किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रजव्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। संगीत विभाग द्वारा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गयी।

उदघाटन समारोह में प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। डॉ. अवस्थी ने छात्रों को संस्थान का परिचय एवं महाविद्यालय के विजन से परिचित कराया। उन्होने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन का महत्व बहुत अधिक होता है। यह न केवल आपके अध्ययन में मदद करता है, बल्कि आपके जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में भी मदद करता है।

मुख्य अतिथि राजेन्द्र ताम्रकार, ने अपने उदबोधन में कहा कि यह महाविद्यालय ऐतिहासिक गरिमा से युक्त है। उन्होंने नव प्रवेशित छात्रों को महाविद्यालय की उपलब्धियों तथा सुविधाओं से परिचित कराया और एक अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी। छात्र अनुशासन के माध्यम से अपने जीवन में व्यापक और संतुलित विकास कर सकते हैं और समाज में उपयुक्त योगदान कर सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अच्युत पाण्डेय थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अखिलेश शुक्ल के द्वारा किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के द्वारा विभाग में चलाये जा रहे पाठ्यक्रम एवं गतिविधियों से नव प्रवेशित छात्रों को परिचित कराया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में प्रो. नित्यानंद चौधरी द्वारा नई शिक्षा नीति तथा डॉ. सुशील कुमार दुबे के द्वारा महाविद्यालय की परीक्षा प्रणाली के संबंध में विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात छात्रों को महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया।

## रिटर्निंग अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहाकरी निर्वाचन अधिकारी एमबी ओझा ने सहकारी समितियों के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिये रिटर्निंग अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये हैं। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. देवरा के लिये सहकारी निरीक्षक विकास माठे तथा बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बिछरहटा के लिये सहकारी निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। जबकि प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार रीवा के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सहकारी निरीक्षक मनीष जैन एवं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति बरहा मुड़वार के लिये उप अंकेक्षक बी.एल. कनौजी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## नवागत कमिश्नर श्री जामोद ने पदभार संभाला



**रीवा।** रीवा संभाग में आज नवागत कमिश्नर श्री बीएस जामोद ने पदभार ग्रहण किया। श्री जामोद ने कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों से शासन की प्रमुख गतिविधियों और योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। श्री जामोद वर्ष 2006 के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। श्री जामोद ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक पदों पर कार्य किया। श्री जामोद ने दतिया तथा अशोकनगर जिलों में कलेक्टर के रूप में एवं संचालक लोक शिक्षण, कमिश्नर पंचायत राज, सचिव निर्वाचन आयोग, गृह, परिवहन, शिक्षा, आर्थिक सांख्यिकी एवं नीति आयोग में अपनी सेवाएं दी हैं। रीवा में पदस्थापना से पहले श्री जामोद शहडोल संभाग में कमिश्नर के रूप में पदस्थ रहे हैं। वर्तमान में भी श्री जामोद के पास शहडोल संभाग का अतिरिक्त प्रभार रहेगा।

## विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय जेल का किया शैक्षणिक भ्रमण

**रीवा** विधि महाविद्यालय रीवा के छात्र-छात्राओं को अपराधों के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से केन्द्रीय जेल का भ्रमण कराया गया। विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जेल में होने वाली गतिविधियों की जानकारी एवं कार्यवाही के विषय में अवगत कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जेल में विभिन्न अपराधों में सजा काट रहे बंदियों से दिनचर्या के विषय में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि जेल में बंदियों के लिए उनके सुधार के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। जिससे वह सामाजिक जीवन में लौटने के बाद अपना रोजगार स्थापित कर सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राकेश मोहन प्रधान के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण पश्चात केन्द्रीय जेल के गौशाला परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री आर्शीवाद भिलाला, जिला एवं सत्र न्यायधीश, श्री दिलीप सिंह, ग्यारवें जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पन्ना नागेश, जिला विधिक सेवा अधिकारी श्री अभय मिश्रा, लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों द्वारा फलदार वृक्ष लगाये गये। इस दौरान जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, उप जेल अधीक्षक योगेन्द्र पमार, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह एवं प्रहरी व स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 8 जुलाई तक - प्रतियोगिता 27 जुलाई को

**रीवा :** मध्यप्रदेश पर्यटन संपदाओं से भरा-पूरा प्रदेश है। प्रदेश के ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों एवं प्राकृतिक स्थलों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिले में 27 जुलाई को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस संबंध में अपर कलेक्टर विकास डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराना है।

अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम, विद्यालयों का पंजीयन 8 जुलाई तक किया जा सकता है। पंजीयन की सुविधा पर्यटन विकास निगम की पर आनलाइन उपलब्ध है। प्रतियोगिता में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

## एसडीएम के आदेश के 7 दिवस के भीतर निलंवित पूर्व सचिव सुधा पाण्डेय ने एलईडी टीवी सचिव को किया सुपुर्द



**मऊगंज।** सरकार ग्राम पंचायत को सशक्त बनाने के लिए पिछले कई वर्षो से अलग-अलग माध्यमों से नवाचार करते हुए इन्हे स्थाई व मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत ठूर्रिहा का है जहां एसडीएम के ग्राम पंचायत में औचक निरीक्षण के बाद ग्राम पंचायत ठूर्रीहा में नहीं मिली थी एलइडी टीवी, जिसमें एसडीएम राजेश मेहता ने कार्यवाही करते हुए एक नोटिस जारी की थी जिसमें 07 दिवस के भीतर जवाब मांगा था। दरअसल आपको बता दें की निलंबित पूर्व सचिव सुधा पांडे ने अपनी घर की शोभा बढ़ाने के लिए पंचायत में लगे एलईडी टीवी अपने जादू से गायब कर दी थी जिसमें एसडीएम के आदेश के बाद सात दिवस के अंदर निलंबित पूर्व सचिव सुधा पांडे से वर्तमान सचिव जयप्रकाश तिवारी द्वारा 30 जून 2024 को एलजी कंपनी की एलइडी टीवी प्राप्त कर ली गई। वही एसडीएम ने ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव रोजगार सहायक को हिदायत दी अगर किसी भी ग्राम पंचायत में एलइडी टीवी कंप्यूटर सामग्री नहीं मिली तो उन पर वैधानिक कार्रवाई की जावेगी।

## नागरिक केन्द्रित कानून सबके लिये समान न्याय आधारित व्यवस्था 1 जुलाई 2024 से होने वाला नवीन कानून प्रभावशील

**मैहर।** बदेरा थाना परिसर में भारतीय लोकाचार को अपने मूल में रखने वाले नए आपराधिक कानून अधिक नागरिक केन्द्रित बनने की दिशा में बदलाव 1 जुलाई 2024 से भारत सरकार के निर्देशानुसार नवीन अपराध कानून हो रहे लागू । थाना परिसर में किया गया समस्त विभाग के अधिकारियों व बदेरा क्षेत्र के गणमान नागरिकों एवं सरपंचों की उपस्थित रहे। मैहर जिले के एडिशनल एसपी मुकेश कुमार वैस, बदेरा टी आई आदित्य कुमार सेन, ए एस आई अजय सिंह परिहार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। एडिशनल एसपी मुकेश कुमार वैस के द्वारा 1 जुलाई 2024 से होने वाले फेर बदलाव पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।> नागरिक बिना किसी देरी के पुलिस द्वारा अपनी एफआईआर की एक निःशुल्क प्रति प्राप्त करने के हकदार है एवं पुलिस को 90 दिनों के भीतर जांच की प्रगति के बारे में पीड़ित को सूचित करना अनिवार्य है।> पीड़िता की मेडिकल जांच उसकी सहमति से और अपराध की सूचना






मिलने के 24 घंटे के भीतर की जायेगी। BNS की धारा 184 (6) के तहत मेडिकल रिपोर्ट चिकित्सक द्वारा 7 दिनों के भीतर भेजी जायेगी।> नागरिकों को मौखिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक संचार (e-FIR), बिना उस क्षेत्र पर विचार किए जहां अपराध किया गया है, FIR दर्ज करने का अधिकार दिया गया है।> पीड़ित नागरिकों को मुफ्त चिकित्सा उपचार और मुआवजे का अधिकार के साथगवाह संरक्षण योजना का प्रावधान किया गया है।> नागरिकों को अभियोजन पक्ष की सहायता के लिए अपना स्वयं का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है।> अभियोजन से हटने के लिए सहमति देने से पहले न्यायालयों को पीड़ित की बात सुनने का अधिकार दिया गया है।> पीड़ित को एफआईआर की एक प्रति प्राप्त करने तथा उसे 90 दिनों के भीतर जांच की प्रगति के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार है। गवाहों को धमकियों और भय से बचाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, गवाह संरक्षण योजना की शुरूआत की गई।

## नर्सिंग घोटाले एवं पेपर लीक मामले को लेकर ज्ञापन

**मऊगंज।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मऊगंज अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश शासन के नाम का एसडीएम मऊगंज को ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन के माध्यम से माघ की गई की प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले एवं पेपर लीक मामले की न्यायिक जांच एवं दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही जाय। साथ ही मांग की गई की प्रदेश के शिक्षा मंत्री का तत्काल इस्तीफा लिया जाए। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मऊगंज के अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पार्षद विश्वनाथ मिश्र सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।